processing Zones schemes and allowing exporters of agriculture commodity to sell upto 50% of their production in the domestic tariff areas, extension of air freight subsidy to certain fruits, financial assistance to exporting units, market development and export promotion startegy adopted by the concerned export promotion authorities, participation in International trade fairs and Exhibitions, improving packaging, increasing awareness among the manufacturer-export ers etc. are all steps intended to improve and enlarge exports of these products.

Revision in policy on deemed exports

7357. SHRI SURESH KALMADI : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government propose to revise its policy on deemed exports; and

(b) if so, what are the changes envisaged ?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE) : (a) and (b) Review of Exim Policy is a continuous process and changes are made therein as and when considered necessary in public interest.

इलैक्ट्रानिक वस्तुओं का निर्यात

7358. **श्रीमती चंद्रिका अभिनन्दन जैन :** क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत तीन वर्षों के दौरान वर्षवार देश से इलैक्ट्रानिक उत्पादों के निर्यात में प्रतिशतता वार वृद्धि हुई है और यदि हां, तो उसके परिणामस्वरूप गत तीन वर्षों के दौरान देश द्वारा अर्जित की गई विदेशी मुद्रा का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान देश में किन-किन इलैक्ट्रानिक उत्पादों के निर्यात से लाभ अर्जित किया है और गत वर्ष की तुलना में 1991–92 और 1992–93 के दौरान देश में कार्यरत एककों की राज्य-वार संख्या कितनी है और इन एककों में कौन-कौन से मुख्य इलैक्ट्रानिक उपकरणों का उत्पादन किया जा रहा है ;

(ग) सरकार ने वर्ष 1993–94 और 1994–95 के वित्तीय बजट में इस उद्योग को उपलब्ध कराने हेतु क्रमशः कितनी-कितनी वित्तीय सहायता का प्रावधान रखा है;

(घ) सरकार ने इलैक्ट्रानिक उत्पादों के निर्यात हेतु क्या लक्ष्य निर्धारित किया है ; और

(ङ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

वाणिज्य मंत्री श्री प्रणव मुखर्जी) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान भारतीय इलैक्ट्रानिक्स माल के निर्यात का मूल्य निम्नलिखित था:–

	(करोड़ रु० में)
1991–92	655
1992–93	615
1993–94 (अप्रैल–फरवरी)	879

कुल भारतीय निर्यातों में भारतीय इलैक्ट्रानिक्स निर्यातों का प्रतिशत जो अप्रैल-फरवरी, 1992–93 में 1.18 % था, वह अप्रैल––फरवरी, 1993–94 में बढ़कर 1.41 % हो गया ।

(स्रोत: डी०पी०सी०आई०एंड०एस०)

(ख) भारत विभिन्न देशों को अनेक किस्म के इलैक्ट्रानिक माल का निर्यात कर रहा है । उनको प्रमुखतः निम्नानुसार वर्गीकृत किया जा सकता है:–

उपभोक्ता इलैक्ट्रानिक्स

रंगीन और श्वेत-श्याम टीवी, आडियो और वीडियो उत्पाद, खाली/रिकार्ड की